सलाह-सूचना (ऐडवाईज़री)

कुछ आयुर्वेदिक औषधीय पदार्थों में वज़नी धातुएं (हैवी मैटल्स) अधिक मात्रा में मौजूद हैं

जून 14, 2006
तुरन्त प्रकाशन के लिये

ओटावा - हैल्थ-कनाडा, उपभोक्ताओं को सलाह दे रहा है कि वे भारत से आए उन चार आयुर्वेदिक औषधीय पदार्थों का उपयोग ना करें जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है क्योंकि उनमें सीसा और/या पारा अधिक मात्रा में मौजूद है। अत्यधिक मात्रा में वज़नी धातुओं, जैसे कि सीसा और पारे के उपयोग से स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होता है, क्योंकि वे शरीर के प्राणाधार अंगों में जमा हो सकते हैं। वज़नी धातुओं के विषैले प्रभाव से बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

निम्नलिखित आयुर्वेदिक औषधीय पदार्थों में सीसा और/या पारे की अधिक मात्रा सिंगापुर के स्वास्थ्य विज्ञान अधिकारियों द्वारा पाई गई थी :

- अन्नाई अरविन्ध हर्बल्स रिह्यूमा-7 कैपसूल्स, अन्नाई अरविन्ध हर्बल्स, भारत, द्वारा निर्मित;
- हिमालय डायबीकन गोलियां, द हिमालय ड्रग कम्पनी, भारत द्वारा निर्मित;
- लौरल की डायबैक्स कैपसूल्स, लौरल हर्बल प्रौडक्ट्स, भारत द्वारा निर्मित; और
- गुडकेअर डायबैट गार्ड के दाने, गुडकेअर फार्मा प्रा.लि., भारत द्वारा निर्मित।

आयुर्वेदिक औषधीय पदार्थों का उपयोग भारतीय परम्परागत चिकित्सा पध्दति में होता है और उनका आयात अधिकतर भारत से होता है। आयुर्वेदिक औषधीय सिध्दान्तों के अनुसार, वज़नी धातुओं का उपयोग विष-विहीन स्थिति में औषधीय पदार्थों में किया जा सकता है क्योंकि उनमें प्रसिध्द आरोग्यकर गुण होते हैं। फिर भी, अनुचित निर्माण पध्दति के कारण अंतिम पदार्थ में वज़नी धातुओं की मात्रा खतरनाक रूप से अधिक हो सकती है।

सीसे के विषैले प्रभाव से पेट दर्द, खून की कमी, ब्लड-प्रैशर में बदलाहट, प्रजनन के प्रभाव, कमजोरी, ध्यान केन्द्रित करने की समस्या, वजन कम होना, नींद न आना, चक्कर आना, गुरदे और दिमाग को नुकसान, और अकाल मृत्यु हो सकती है। पारे के विषैले प्रभाव से चिड़चिड़ाहट, कम्पन्न, याददाश्त खोना, नींद न आना, ध्यान केन्द्रित करने की समस्या हो सकती है, और दिमाग व गुरदे को स्थाई नुकसान पहुँच सकता है।

उपरोक्त आयुर्वेदिक औषधीय पदार्थों में से किसी भी पदार्थ को कनाडा में बेचने की मान्यता नहीं है, और ना ही उन्हें कनाडा के बाजार में पहचाना गया है। फिर भी, हो सकता है कि उनका कनाडा में आयात पर्यटको द्वारा किया गया हो और कम से कम दो पदार्थ इन्टरनैट पर खरीदने के लिये उपलब्ध हैं।

उपभोक्ता सावधानी बरतें - कनाडा से बाहर या इन्टरनैट पर स्वास्थ्य पदार्थ खरीदते समय, क्योंकि इन पदार्थों का उतना मूल्यांकन नहीं हुआ होगा जितना कनाडा में बेचने के लिये मान्यता-प्राप्त पदार्थों का होता है। मान्यता-प्राप्त स्वास्थ्य पदार्थों पर या तो आठ अंकों वाला ड्रग आईडैन्टिफिकेशन नम्बर (DIN) नैचरल प्रौडक्ट नम्बर (NPN) या होमियोपैथिक ड्रग नम्बर (DIN-HM) अंकित होता है। यह मान्यता यह दर्शाती है कि इस पदार्थ का मूल्यांकन हैल्थ-कनाडा द्वारा सुरक्षा, क्षमता और योग्यता के लिये किया गया है।

...2

इन चारों पदार्थों से सम्बन्धित प्रतिकूल प्रतिक्रिया की कोई सूचना हैल्थ-कनाडा को नहीं मिली है। जिन उपभोक्ताओं ने इनमें से किसी भी पदार्थ का उपयोग किया है और जो अपने स्वास्थ्य के लिये चिन्तित हैं, उन्हें स्वास्थ्य अधिकारी से सलाह के लिये सम्पर्क करना चाहिये। सीसे या पारे के विषैले प्रभाव की अधिक जानकारी के लिये अपने निकटतम विष-नियंत्रण केन्द्र से सम्पर्क करें। उनका नम्बर आपकी स्थानीय फोन बुक की शुरुवात के सफेद पन्नों में होना चाहिये।

हैल्थ-कनाडा ने मार्च 2005 में सलाह-सूचना और जुलाई 2005 में अन्य आयुर्वेदिक औषधीय पदार्थों में वज़नी धातुओं के विषैले प्रभाव के खतरों के बारे में सार्वजनिक चेतावनी प्रकाशित की थी।
(http://hc-sc.gc.ca/ahc-asc/media/advisories-avis/2005/2005_80_e.html और http://hc-sc.gc.ca/ahc-asc/media/advisories-avis/2005/2005_09_e.html).

जिन उपभोक्ताओं को इनमें से कोई भी पदार्थ यदि कनाडा के बाजार में दिखाई देता है तो उनसे निवेदन है कि वे कृपया हैल्थ प्रौडक्ट्स ऐण्ड फूड ब्रान्च इन्स्पैक्टोरेट से 1-800-267-9675 पर सम्पर्क करें।

जिन उपभोक्ताओं को इस सलाह-सूचना के बारे में अधिक जानकारी चाहिये वे हैल्थ-कनाडा की सार्वजनिक पूछताछ लाइन से (613) 957-2991 पर या टोल-फ्री 1-866-225-0709 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

किसी भी स्वास्थ्य पदार्थ से संदिग्ध प्रतिकूल प्रतिक्रिया की सूचना देने के लिये कृपया हैल्थ-कनाडा के कनेडियन ऐडवर्स ड्रग रिऐक्शन मौनिटरिंग प्रोग्राम (CADRMP) से निम्नलिखित में से किसी भी एक तरीके द्वारा सम्पर्क करें :

फोन : 1-866-234-2345 फैक्स : 1-866-678-6789

CADRMPMarketed Health Products Directorate Health Protection Building, Tunney's Pasture, AL 0701C
ओटावा, ओन्टारियो K1A 0K9
ई-मेल : cadrmp@hc-sc.gc.ca

इन पदार्थों का चित्र देखने के लिये कृपया हैल्थ-कनाडा की वैब-साइट देखें http://www.hc-sc.gc.ca/ पर।

-30-

मीडिया पूछताछ :
नैथली ललौन्ड
हैल्थ-कनाडा
(613) 957-1803

सार्वजनिक पूछताछ :
(613) 957-2991
1-866 225-0709